व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा दे रही सरकार

नरसिंहपुर, देशबन्धु। शासन नई शिक्षा नीति के अनुसार छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार विद्यार्थियों के अध्ययन में आने वाली समस्त बाधाओ को क्रमशः दूर कर रही है। नई शिक्षा नीति में अब आप साइंस के साथ आर्ट के विषय भी ले सकते हैं।

रोजगार परक व्यावसायिक शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। यदि आपके गांव में उच्च अध्ययन के लिए स्कूल नहीं है तो निकटबर्ती गांव में पढ़ने के लिए सरकार निःशुल्क साइकिलें उपलब्ध करा रही है। पहले केवल छात्राओं को साइकिलें मिलती थीं पर अब सभी जरूरतमंद पात्र छात्रों को साइकिलें मिल रही हैं। उक्त बात पूर्व आयुष राज्य मंत्री जालमसिंह पटेल ने नेहरू उच्चतर माध्यमिक

साइकिल वितरण कार्यक्रम में बोले पूर्व राज्यमंत्री

विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार ने शासन की साइकिल वितरण योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यदि शहर में भी एक मोहल्ले में रहनेवाले छात्र के स्कूल की दूरी ज्यादा है तो ऐसे जरूरतमंद छात्रों को भी कुछ शर्तों के साथ साइकिल मिल सकती हैं।कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि वीरेंद्र पटैल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सीमा दीक्षित एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉक्टर ए के चौबे के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं श्रीमती नीता देहरिया के द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना से हुआ। शुरुआत में साइकिल वितरण प्रभारी श्रीमती नीता डेहरिया ने जानकारी दी कि विद्यालय में कक्षा नवमी के 67 छात्रों को साइकिलें वितरित की गई हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री प्रीति नेमा, पंकज नेमा, मालती कौछल, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, संजय साहू, राकेश दुबे, रामकुमार पालीवाल आदि ने सहयोग प्रदान किया।

जनसुनवाई में आये 87 आवेदन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 12 नवम्बर को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी, आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 87 आवेदन आये।

फाइनल मुकाबले में नरसिंहपुर ने मारी बाजी

जिला स्तरीय फुटबॉल पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिला स्तरीय फुटबॉल पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के खेल मैदान पर किया गया है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन संस्था प्राचार्य प्रो आर बी सिंह विनोद तिवारी जनभागीदारी अध्यक्ष गोटेगांव कालेज और जिले के विभिन्न महाविद्यालय से आए क्रीड़ा अधिकारियों की उपस्थिति मे हुआ। जिले के पांच महाविद्यालय से खिलाड़ियों का आगमन हुआ। आयोजन सचिव अर्पित सक्सेना क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर और शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव के बीच

खेला गया। जिसमें नरसिंहपुर विजेता रहा।

प्रतियोगिता उपरांत चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमे जिला स्तरीय फुटबॉल दल का गठन किया गया जो संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे जिसका आयोजन 14 नवंबर को जबलपुर में किया जाएगा। मंगलवार की प्रतियोगिता में चयनकर्ता के रूप में डॉ राजेश कुमार ठाकुर, प्रशांत विश्वकर्मा, भरत सिंह ठाकुर, सतीश बैस,डॉ भानु प्रताप प्रजापति,डॉ प्रहलाद पटेल, करीम खान, प्रशांत विश्वकर्मा, लीलाधर मेहरा, दीपचंद कहार सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

सार-समाचार

251 तुलसी पौधो का वितरण कर दिया अनुपम संदेश

गाडरवारा, देशबन्धु। गत दिवस देवप्रबोधनी एकादशी की पूर्व संध्या पर तुलसी विवाह के अवसर पर स्थानीय नर्मदा कालोनी के शंकर मंदिर मे नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया व पुनीत त्यागी द्वारा 251 तुलसी पौधो का गमले सहित वितरण नागरिकों के लिए किया गया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियो ने कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन कर किया तदोपरांत अतिथियों का स्वागत रुद्राक्ष माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पर्यावरणविद वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अनंत दुबे ने अपने उदबोधन मे कहा कि तुलसी का पौधा हर घर मे होना जरुरी हैं क्योंकि तुलसी का धार्मिक के साथ आयुर्वेदिक महत्त्व भी हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनूप जैन ने कहा कि एकादशी एवं तुलसी विवाह पूर्व तुलसी पौधो का वितरण एक शानदार कार्य हैं। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि मिनेन्द्र डागा ने कहा कि तुलसी हर आँगन मे रहती हैं। उन्होंने गौ माता की महिमा बताते हुए कहा कि गौ माता की दुर्दशा के लिए इंसान खुद जिम्मेदार है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि अनन्त कृष्ण द्विवेदी , कामिनी निगम,भैयाजी रावत सहित अन्य वक्ताओ ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए श्री बसेड़िया ने स्वागत भाषण देते हुए आयोजन के बारे मे तथा माँ तुलसी का पौराणिक महत्व विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन अपनी नर्सरी में पौधों को संरक्षित कर प्रदान करने वाले कार्यक्रम संयोजक व निर्देशक पर्यावरण विद पुनीत त्यागी ने किया। कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित जनो को तुलसी पौधे, रामनाम लेखन पुस्तिका, नवीन वर्ष का कैलेंडर एवं बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान की गईं। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे ब्राह्मण महासभा के जिला संयोजक नगेन्द्र त्रिपाठी,अशोक भार्गव,माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम मे शहर के नागरिक गण प्रबुद्ध जनो, अनेक सामाजिक संस्थाओं के सेवाभावी , शिक्षकगण एवं माँ विजयासन इंस्टिट्यूट की बेटियों के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बीपीएमयू की बैठक आयोजित

गाडरवारा, देशबन्धु। गत दिवस साईंखेड़ा के जनपद शिक्षा केंद्र मे विकासखंड प्रबंधन ईकाई (बीपीएमयू) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि सभी बीएसी व सीएसी परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण की तैयारी की दृष्टि से मॉक टेस्ट 2 के विश्लेषण के आधार पर कठिन प्रश्नों को हल कराने, पीएम पोषण आहार की मासिक व प्रतिदिन की उपस्थिति पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश सभी प्रधानपाठको को दें। इसके अलावा अर्धवार्षिक परीक्षा के कार्यक्रम का भी स्कूलों मे प्रचार प्रसार हो एवं एफएलएन सहित एटग्रेड अभ्यास पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय पर स्कूलों मे हो। उन्होंने बैठक मे स्कूलों की सघन मॉनिटरिंग से जुड़े निर्देश भी दिए। बैठक मे बीएसी मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया सहित जनशिक्षकों एवं एमआरसी वेदप्रकाश राजपूत व लेखापाल दीपक आरसे आदि उपस्थित रहे।

चाकू मारने वाले को 6 माह छह सश्रम कारावास

नरसिंहपुर, देशबन्धु। माननीय न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की न्यायालय द्वारा मारपीट करने के प्रकरण में आरोपी सौरभ विश्वकर्मा पिता परषोत्तम विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी हनुमान वार्ड गाडरवारा, थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.), को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को भादवि की धारा- 324/34 में 06 माह का सश्रम कारावास तथा 1000/- (एक हजार रूपये) के अर्थदण्ड सें दंडित किया गया। जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि दिनांक 17/5/2018 को अभियोगी चंद्रशेखर गुर्जर के आधार पर साक्षीगण के कथन तथा अस्पताल तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना गाडरवारा के अपराध क्रमांक 416/2018 अंतर्गत धारा 294, 324/34 भारतीय दण्ड संहिता 1860 के अधीन दंडनीय अपराध की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई। मामले में अन्वेषण के दौरान आहत का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। घटनास्थल का रेखाचित्र तैयार किया गया। साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। शिनाख्तगी की कार्यवाही करायी गयी। विवेचना के आधार पर अभियुक्त सौरभ तथा उसके अन्य दो साथी विधि विवादित किशोर के द्वारा अपराध घटित करना प्रमाणित होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। साक्षीगण के कथन उनके बताये अनुसार लेखबद्ध किये गये। विधि विवादित किशोर से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त किया गया। विधि विवादित किशोर के संबंध में अभियोग पत्र किशोर न्याय बोर्ड नरसिंहपुर प्रेषित किया गया। अभियुक्त सौरभ को थाने से ही जमानत मुचलके पर रिहा किया गया।

बाल विवाह रोकने कार्यशाला आयोजित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। देवउठनी ग्यारस के अवसर पर बाल विवाह रोकने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, जिले के विभिन्न धर्मों के धर्म गुरू, शादियों में सेवा प्रदान करने वाले टेन्ट, बैंड, प्रिंटिंग प्रेस, शिक्षा, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास एवं पुलिस विभागों से प्रतिभागी, अधिकारी- कर्मचारी और बच्चे मौजूद थे। कार्यशाला में कलेक्टर पटले ने कम उम्र में बच्चों की शादी के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराया।

देवउठनी ग्यारस पर हुआ तुलसी विवाह

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मंगलवार को जिले भर में देवउठनी ग्यारस का त्यौहार श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। सनातनी परंपराओं के लिहाज से देव उठनी ग्यारस संपन्न होते ही बीते कुछ महीनों से आराम पर गये देवता अब उठ गये है। और इसी के साथ अब लोगों के घरों में मंगल कार्यो समेत शहनाईयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। देव उठनी ग्यारस के अवसर पर लोगों ने मान्यताओं के हिसाब से पूजन अर्चन किया। देव उठनी ग्यारस के मंगलमयी मौके पर घर-घर में श्रद्धालुओं ने तुलसी कोट पर गन्ने का मंडप बनाकर पूजन अर्चन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने रीति रिवाजों से तुलसी का विवाह शालिगराम के साथ संपन्न कराया। ग्यारस के चलते जिले भर में जमकर गन्ने की खरीददारी की गई। इसी के साथ ही अब रीति रिवाजों के अनुसार शादी विवाह और मांगलिक कार्यो की शुरूआत होगी और आने वाले दिनों में इसकी धूम गली मोहल्लों में दिखाई देने लगेगी।

छोटी दीपावली के रूम में मनाई ग्यारस

दीपावली के देव उठनी ग्यारस का पर्व छोटी दीपावली के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह से ही बाजार में रौनक नजर आई और फूल, माला, मिठाईयां, खास गन्ने की इस दिन ज्यादा मांग रही। क्योंकि ग्यारस के दिन गन्ने का विशेष महत्व बताया गया है। लोगों ने विधि-विधान के साथ परंपरागत पूजन-पाठ कर जमकर आतिशबाजी की।

हेमंत ऋतु की हुई शुरूआत - परंपराओं की माने तो अब भगवान हरिनारायण पूर्व भाद्रपद कार्तिक सुदी के मौके पर जाग चुके है। और साथ ही हेमंत ऋतु का शुभारंभ भी हो चुका है। यह मौसम स्वास्थ्य के हिसाब से अच्छा माना जाता है। इस दौरान बतौर आस्था के लोग पूजा के समय गन्ना चढ़ाते है। वहीं पौराणिक मान्यताएं बताती है कि इस अवसर पर तुलसी का विवाह भगवान का अवतार माने जाने वाले शालिगराम के साथ हुआ था। पुष्य नक्षत्र में तुलसी पाप से मुक्त हुई थी यह परंपरा हमारे यहां प्राचीनकाल से मनाई जाती है।

एकादशी पर घर घर में की गई तुलसी विवाह, विधि विधान से हुई पूजा अर्चना

गाडरवारा, देशबन्धु। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को तुलसी विवाह का पर्व देवउठनी एकादशी पूरे उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। गन्ने के मंडप तले शालिग्राम तुलसी की पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से विवाह हुआ। धार्मिक परंपरा के साथ तुलसी व शालिग्राम विवाह देवउठनी में कराया गया। इस दौरान लोगो ने अपने घरों के द्वार व पूजा मंडप पर रंगोली की कलाकृति भी बनाई। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और तुलसी की विशेष पूजा का महत्व है। इस दिन तुलसी विवाह का आयोजन किया जाता है जिसमें तुलसी का विवाह भगवान शालिग्राम से विधिपूर्वक किया जाता है। यह विवाह का प्रतीक है जो मांगलिक कार्यों के शुभारंभ का प्रतीक भी माना जाता है। भक्तों द्वारा व्रत रखकर भगवान विष्णु का जागरण किया जाता है और अगले दिन सूर्योदय के बाद पारण किया जाता है।

धार्मिक मान्यता है कि देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु का पूजन और दान-पुण्य करने से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। इस पावन दिन पर व्रत करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विशेषकर तुलसी पूजन और तुलसी विवाह का आयोजन करने से वैवाहिक जीवन में सुख और सौभाग्य बढ़ता है। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु का जागरण कर उनकी पूजा करने से पूरे साल के पाप और कष्टों से मुक्ति मिलती है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु चार माह के लिए सो जाते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जगते हैं।

विवाह की शुभ घड़ी आई, अब 117 दिन बाद गूजेंगी खुशियों की शहनाई

गाडरवारा, देशबन्धु। देवशयनी एकादशी से विवाह पर लगी 117 दिनी रोक देवउठनी एकादशी से हट गई। इसके लिए हलवाई, कैटरिंग, बैंड गार्डन, होटल, धर्मशाला के साथ वैवाहिक आयोजन के व्यवसाय से जुड़े लोगों के चेहरे खिल उठे हैं। इसका कारण वैवाहिक आयोजन के लिए 80 फीसद से अधिक बुकिंग होना है। वर्ष 2024 के अंतिम दो महीने में 16 मिश्रित मुहूर्त हैं। जानकारों द्वारा हर मुहूर्त 300 से 400 वैवाहिक आयोजनों का अनुमान लगाया जा रहा है। इसमें स्कूल-कॉलेज और खेल मैदान पर होने वाले आयोजन शामिल नहीं हैं। पिछली बार 17 जुलाई को श्री हरि विष्णु के योग निद्रा में जाने के दो दिन पहले 15 जुलाई को विवाह का अंतिम मुहूर्त था। सनातन संस्कृति में चातुर्मास के चार माह वैवाहिक आयोजन नहीं किए जाते हैं।वैवाहिक आयोजन की शुरुआत देवोत्थान एकादशी पर देवों के जागने के साथ होती है। बताया जाता है कि इस बार नवंबर और दिसंबर को विवाह के शुद्ध और मिश्रित मुहूर्त पर बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होंगे। इसके लिए एक मुहूर्त पर करीब तीन बुकिंग विवाह संपन्न कराने वाले विद्वानों के पास है।

15 दिसंबर से विवाह पर फिर लगेगी रोक - 15 दिसंबर 2024 से 14 जनवरी 2025 तक धनु मलमास रहने से विवाह नहीं होंगे। 19 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक चार दिन शुक्र अस्त रहने से विवाह नहीं होंगे। 14 मार्च 2025 से 14 अप्रैल तक मीन मलमास रहने से विवाह नहीं होंगे।

कन्या नवीन स्कूल में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित

गाडरवारा, देशबन्धु। गत दिवस स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे जनशिक्षा स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित की गईं। प्रदर्शनी मे जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत स्कूलों के शाला स्तर पर चयनित छात्र छात्राओं ने मॉडल निर्माण, नाटिका, गीत एवं सेमिनार मे सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जनशिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य श्रीमती आरती पाठक, सुनीता पटैल,सतीश नाईक,बीआरसी संदीप स्थापक, जनशिक्षकों अपसार खान, बनवारीलाल नागवंशी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों द्वारा प्रस्तुत गतिविधि को देखा एवं उनसे सवाल जवाब किये। प्रदर्शनी में मॉडल निर्माण के अंतर्गत कन्या नवीन से दिशा प्रजापति ने वायु प्रदूषण, जयश्री रजक ने स्वास्थ व स्वच्छता, हाई स्कूल बरहटा से प्रकृति कौरव ने व्यर्थ जल, सांगई से साधना केवट व रश्मि केवट ने पर्यावरण संरक्षण सहित बगदरा की छात्रा ने विभिन्न अनाजो का प्रदर्शन किया। नाटिका में चिरहकला की छात्राओं ने सोशल मीडिया के दुरूपयोग एवं सांगई की छात्राओं ने बाल विवाह पर नाटक प्रस्तुत किया। इसके अलावा सेमिनार में सांगई की छात्रा साधना केवट ने बाजरा पर एवं गीत गायन में रश्मि केवट ने आगड दम बागड़ दम की तर्ज पर एवं रौशनी केवट नें पर्यावरण गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर निर्णायको द्वारा प्रत्येक विधा से 2-2 छात्र छात्राओं का चयन ब्लॉक स्तर हेतु किया। इस मौक़े पर राजेश गुप्ता, चंद्रकांत साहू, दीपशिखा शुक्ला, योगेंद्र झारिया, श्वेता सेन, मीना पटैल, स्वाति ढिमोले, मधुसूदन पटैल, राजेंद्र गुप्ता, सचिन लहरिया सहित स्कूलों से आये छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

गाडरवारा में हो रहा राष्ट्रीय कबड्डी का महाकुंभ

गाडरवारा, देशबन्धु। नगर के रुद्र मैदान पुराने कालेज ग्राउन्ड पर आगामी 16 नवम्बर से 20 नवम्बर तक राष्ट्रीय स्तर की शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है जिसकी व्यापक पैमाने पर जोर शोर से तैयारिया चल रही है गाडरवारा नगर मे राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी का महाकुंभ की सौगात क्षेत्रीय विधायक म0प्र0 शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय सिंह द्वारा दी गई है। इसके साथ ही देश के ख्याति प्राप्त युग कवि डॉ. कुमार विश्वास का 17 नवम्बर को केबीनेट मंत्री उदय प्रताप के आयंत्रण पर आगमन हो रहा है। 17 नवंबर को रात्रि 7.30 पुराने कालेज ग्राउन्ड रुद्र मैदान पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कुमार विश्वास के साथ और भी ख्याति प्राप्त कवि आ रहे हैं। पूरा-प्रशासन मुस्तैदी के साथ आयोजन की तैयारियों में जुट गया है।

पार्किंग व्यवस्था पर दिया जा विशेष ध्यान - नगर मे राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी एवं युव कवि कुमार विश्वास के कार्यक्रम मे चार पहिया एवं दो पहिया वाहनो के पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर स्थानों को चिन्हित किया गया है ।साईंखेड़ा, सालीचौका वाले वाहन अस्पताल मार्ग पर डॉक्टर बीपी गुप्ता के पीछे,

17 नवंबर को आएंगे युग कवि कुमार विश्वास

चीचली वाले से आने वाले वाहन सिविल लाइन के सामने महेश बुधौलिया के बाजू वाली कालोनीमें, तेंदूखेड़ा,नरसिंहपुर से आने वाले वाहन बल्लभ मार्केट डॉक्टर महोबिया के सामने वाले मैदान में पार्क होंगे। कार्यक्रम स्थल कॉलेज ग्राउंड पर कॉलेज ग्राइन्ड पर मंच एवं बैठक व्यवस्था के साथ कबड्डी मैंचों के लिए बेहतर इंतजाम किये जा रहे है। देश के विभिन्न प्रांतो से कबड्डी टीमों का नगर में आगमन हो रहा है। प्रतियोगिता स्थल के पास जनता स्कूल में कंट्रोल रूम बनाया गया है। वहा पर शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है ।

182 कबड्डी टीम में ले रही भाग - कबड्डी प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 182 कबड्डी टीम भाग लेंगी जिसके लिए 6 कोड बनाए गए हैं एक साथ चार मैच खेले जाएंगे। समय प्रातः 9 से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। इस संपूर्ण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी कलावती ब्योरे, सहायक नोडल अधिकारी तहसीलदार प्रियंका नेताम, नायब तहसीलदार आकाश दहाके को बनाया गया है?। इसके अलावा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी इन्दुरखया साईंखेड़ा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नीलम मरावी, शासकीय बालक उच्चतर शाला प्राचार्य सुनीता पटेल, शासकीय कन्या नवीन शाला प्राचार्य श्रीमती आरती पाठक, प्रभारी प्राचार्य एस के मिश्रा, सुशील शर्मा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है । शासकीय आदर्श स्कूल में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है तथा इस संपूर्ण प्रतियोगिता के लिए लगभग 175 से ऊपर शासकीय कर्मचारी शिक्षकों की ड्युटिया लगाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में दिल्ली मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश से कबड्डी टीमें खेलने आ रही है जिनके लिए रहने के आवास की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, खेल मैदान पर आने जाने की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है ।

खेल ग्राउंड का किया जा रहा है कायाकल्प - नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा की निर्देशन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, इंजीनियर विशाल सिंह राठौड की देखरेख में रुद्र मैदान का कायाकल्प किया जा रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्र की जनता से आग्रह किया है कि गाडरवारा नगर मे राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता होने जा रही है और युग कवि डॉ कुमार विश्वास का आगमन हो रहा है यह पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है हम सभी लोग मिलकर मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक आयोजन बनाने में अपनी सहभागिता निभाते हुए सहयोग प्रदान करें । 16 नवंबर से 20 नवंबर तक होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें ।

गाडरवारा नगर में सुचारु यातायात व्यवस्था बनाने हेतु मोटरसाइकल चालकों को दी जा रही समझाइश

गाडरवारा, देशबन्धु। यातायात व्यवस्था में सुधार लाने, नियम विरूद्ध एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर रही है,ताकि आमजनों को असुविधा का सामना न करना पडे साथ ही जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। थाना प्रभारी गाडरवारा प्रियंका केवट के नेतृत्व में थाना गाडरवारा पुलिस के द्वारा जिला अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के तहत विगत 04 दिवसों में दो पहिया वाहन में 3 सवारी बैठने वाले 90 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु समझाईस दी गई है । साथ ही आमजनों को सुरक्षित वाहन चालन हेतु जागरूक किया जा रहा है । वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर समन शुल्क वसूल किया गया है ।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए